स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्मार्ट क्लासरूम

स्रोत: द हिंदू

भारतीय प्रबंधन संस्थान, बंगलूरू के एक अध्ययन से पता चला है कि स्मार्ट सिटीज मिशन (SCM) **ने स्मार्ट कक्षाओं** के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है।

- **स्मार्ट सिटीज मिशन:** इसे वर्ष 2015 में **आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय** द्वारा लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य शहरों में बुनियादी ढाँचे, जीवन की गुणवत्ता और स्थिरता को बढ़ाना है।
  - वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया **'SAAR' (Smart Cities and Academia towards Action and Research)** प्लेटफॉर्म, **SCM के तहत शहरी पहलों का दस्तावेज़ीकरण और अनुसंधान** करने के लिये शिक्षाविदों और सरकार को जोड़ता है।
- **SCM और शिक्षा:** IIM बंगलूरू के अध्ययन से पता चलता है कि SCM के तहत **स्मार्ट कक्षाओं** ने वर्ष 2015-16 से वर्ष 2023-24 तक **19 शहरों में नामांकन में 22% की वृद्धि** की है।
  - 71 शहरों में लगभग 2,400 सरकारी स्कूलों में लगभग 9,500 स्मार्ट कक्षाएँ क्रियान्वित की गई हैं।
    - **कर्नाटक 80 स्मार्ट क्लासरूम परियोजनाओं के साथ अग्रणी है,** उसके बाद राजस्थान (53), तमिलनाडु (23) और दिल्ली (12) हैं। पश्चिम बंगाल में केवल दो परियोजनाएँ हैं।
  - विशेषकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक प्रशिक्षण से स्मार्ट कक्षाओं के साथ सहजता में सुधार हुआ है।

//

और पढ़ें: [समारट सटिी मशिन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-classrooms-under-the-smart-cities-mission